## एक नजर में

### समान नागरिक संहिता के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक कल नीमच में

**नीमच।** मध्यप्रदेश में समान संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य प्रो.गोपाल शर्मा, शिक्षाविद की अध्यक्षता में जनपरामर्श हेतु बैठक 6 जून 2026 को प्रात: 11.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई है। एडीएम श्री बी.एस.कलेश ने बताया, कि इस जन परामर्श बैठक में माननीय सांसद, विधायक, सभी राजनैतिक दल, बार काउंसिल, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुडे गणमान्य व्यक्तियों, शांति समिति के सदस्यों, सामाजिक संगठन तथा सभी समुदाय के प्रतिनिधियों एवं अन्य जन प्रतिनिधिगणों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में प्रतिभागियों से समान नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव प्राप्त किए जाएगे। जिन्हें संकलित कर शासन को भेजा जावेगा। एडीएम ने सभी संबंधितों से इस बैठक में उपस्थित होने का आगृह किया है।

### पक्की छत, पक्का भरोसा ' : खातीखेड़ा में पीएम आवास का कलेक्टर ने किया अवलोकन, लाभार्थी हरिराम से की चर्चा



**नीमच।** नीमच जिले के जनजाति बाहुल्य ग्राम खातीखेड़ा में बुधवार को आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होने के बाद कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी श्री हरिराम के नव-निर्मित आवास का अवलोकन किया। लाभार्थी से की आत्मीय चचा: कलेक्टर चंद्रा ने लाभार्थी श्री हरिराम एवं उनके परिजनों से आत्मीय चर्चा कर आवास निर्माण की गुणवत्ता, प्राप्त किस्तों की जानकारी एवं योजना से मिले लाभ के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने परिवार को पक्के आवास की शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि हर गरीब के सिर पर पक्की छत हो। प्रशासन योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों ने भी किया निरीक्षण: इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, वन मंडल अधिकारी श्री एस.के. अटोदे सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने भी आवास का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की सराहना की। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी स्वीकृत आवासों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा करेगी वृक्षारोपण

**नीमच।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा वीनू वाटिका, जवाहर नगर नीमच में 5 जून शुक्रवार को सुबह 8:00 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच के जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति गौरव चोपड़ा, भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर नपा का पौधारोपण कार्यक्रम आज

**नीमच।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में 5 जून शुक्रवार को प्रात: 8:00 बजे वीनू वाटिका जवाहर नगर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका की बाग बगीचा शाखा के प्रभारी श्री महावीर जैन ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करण सिंह परमाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री दारा सिंह यादव, श्री मोहन सिंह राणावत, समस्त सभापतिगण, पाषर्दगण एवं अन्य अतिथिगणो की उपस्थिति में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जावेगा।

### असंगठित श्रमिकों को पेंशन का सहारा : नेवड़ स्थित नीमच प्रोटीन कारखाने में पीएम श्रमयोगी मानधन पंजीयन शिविर




**नीमच।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार को ग्राम नेवड़ स्थित नीमच प्रोटीन कारखाने में प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना अंतर्गत विशेष पंजीयन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्रम विभाग के श्री सज्जन सिंह चौहान ने कारखाने में कार्यरत श्रमिकों को बताया कि 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से कम है, इस योजना में पंजीयन करवा सकते हैं। 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर लाभार्थी को 3000 रुपये प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान है। लाभार्थी को 55 रुपये से 200 रुपये तक मासिक अंशदान करना होगा, उतनी ही राशि केंद्र सरकार द्वारा भी दी जाएगी। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। श्रम विभाग की टीम एवं कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा मौके पर ही आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नंबर के आधार पर पात्र श्रमिकों का नि:शुल्क पंजीयन किया गया। पंजीयन उपरांत श्रमिकों को श्रमयोगी कार्ड भी वितरित किए गए। कारखाना प्रबंधन ने श्रमिकों को इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। श्रम विभाग ने बताया कि जिले में निरंतर शिविर लगाकर अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों को योजना से जोड़ा जाएगा।

### नवकरणीय ऊर्जा मंत्री शुक्ला ने किया सिंगोली सौलर प्रोजेक्ट का निरीक्षण



**नीमच।** प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला आज 5 जून को प्रात: 10 बजे नीमच से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे सिंगोली पहुंचकर सौलर परियोजना का निरीक्षण करेंगे। तदपश्चात दोपहर 2 बजे सिंगोली से अशोक नगर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर आज पेड़ का करेंगे पूजन

**नीमच।** शहर में जगह-जगह रोड़ निर्माण के दौरान अनावश्यक पेड़ों की बली तो आसानी से चढ़ा दी जाती नगर पालिका व्दारा लेकिन शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ के बदले दस गुना पेड़ लगाकर बड़े करने की जिम्मेदारी से जिम्मेदार मुकर जाते हैं। शहर में कई स्थानों पर अवैधानिक पेड़ों की कटाई होती रही जिसके कारण पर्यावरण मित्रों की और से समय समय पर जिला प्रशासन सहित नगर पालिका प्रशासन को ज्ञापन देकर अवैध पेड़ कटाई करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हेतु लिखा जाता है किन्तु कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती जिसके कारण यह सीलसिला बंद होता दिखाई नहीं दे रहा है। एक वर्ष पूर्व जब एल आई सी चौराहे से हुडको कालोनी में डामरीकरण के दौरान मार्ग में कहीं पर भी बाधक न बन रहे हरे भरे लहलहाते सप्तपर्णी (बौद्ध वृक्ष) जो एक कोने में खड़ा था और राहगीरों को शीतल छाया और शहर की हरियाली बड़ा रहा था इस बेगुनाह पेड़ को कटर चलाकर धराशाई कर दिया था इस पर पूर्व पार्षद डाक्टर पृथ्वीसिंह वर्मा ने सख्त आपत्ति उठाई और अनावश्यक पेड़ों की कटाई रोकने का विरोध भी किया था।

# ड्रग तस्करों की संपत्ति होगी फ्रीज : आईजी

- राकेश गुप्ता बोले-ब्लैक स्पॉट्स पर घायलों को मिलेगी फर्स्ट-एड ट्रेनिंग



**नीमच।** उज्जैन जोन का पदभार संभालने के बाद आईजी राकेश गुप्ता पहली बार नीमच पहुंचे। गुरुवार को उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए अधिकारियों की बैठक ली और पुलिस अधिकारियों को विभिन्न मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**-बैठक में डीआईजी निमिष अग्रवाल, एसपी राजेश व्यास, एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया सहित जिले के सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी मौजूद रहे। आईजी ने अधिकारियों के साथ जिले की कानून व्यवस्था, लंबित अपराधों, आगामी त्योहारों की सुरक्षा व्यवस्था और नशे के खिलाफ चल रही कार्रवाई की समीक्षा की।

उन्होंने नवागत एसपी के साथ बेहतर समन्वय बनाकर पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

**नारकोटिक्स अपराधों पर रहेगा फोकस**-आईजी राकेश गुप्ता ने कहा कि नीमच की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए नारकोटिक्स से जुड़े अपराधों पर नियंत्रण उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्रवाई केवल नशीले पदार्थों की जब्ती तक सीमित नहीं रहेगी। ऐसे अपराधी जो लगातार इस अवैध कारोबार में शामिल पाए जाते हैं, उनकी जमानत निरस्त कराने के लिए न्यायालय में प्रभावी पैरवी की जाएगी।

**अवैध संपत्तियों पर भी होगी कार्रवाई**-आईजी ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार से अर्जित संपत्तियों की वित्तीय जांच कर उन्हें चिन्हित किया जाएगा। जांच के आधार पर ऐसी संपत्तियों को फ्रीज करने जैसी कार्रवाई भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बड़े तस्करों और ड्रग माफिया के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) जैसे कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी, ताकि अवैध नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

> **सड़क हादसों को लेकर शुरू होगा अभियान**
>
> बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई। आईजी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर मदद पहुंचाने के उद्देश्य से नया अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को फर्स्ट-एड का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि हादसे के बाद शुरुआती सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



## एसडीएम पराग जैन ने ज्ञानोदय हॉस्पिटल में परखी फायर सेफ्टी की व्यवस्थाएं

**नीमच। अस्पतालों में फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम नीमच पराग जैन एवं तहसीलदार संजय मालवीय ने गुरुवार को ज्ञानोदय हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया।**

फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच: निरीक्षण के दौरान एसडीएम जैन ने अस्पताल में स्थापित फायर एक्सटिंग्विशर, फायर हाइड्रेंट, स्मोक डिटेक्टर, फायर अलार्म सिस्टम एवं आपातकालीन निकास द्वार की उपलब्धता एवं क्रियाशीलता की का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में तैनात स्टाफ से अग्निशमन यंत्रों के संचालन एवं आपात स्थिति में की जाने वाली कार्यवाही की जानकारी भी ली।

एसडीएम ने अस्पताल में मरीजों के लिए उपलब्ध बेड, ऑक्सीजन सुविधा, आईसीयू, जनरेटर बैकअप एवं स्वच्छता व्यवस्था का भी अवलोकन किया।

उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि फायर सेफ्टी उपकरणों को हमेशा चालू हालत में रखा जाए और स्टाफ को समय-समय पर मॉक ड्रिल से प्रशिक्षित किया जाए। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर फायर सेफ्टी के सभी मापदंडों का शत-प्रतिशत पालन अनिवार्य है। उन्होंने प्रबंधन को फायर एनओसी का समय-समय पर नवीनीकरण एवं सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रबंधन एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित था। यह जानकारी तहसीलदार संजय मालवीय ने दी है।



## हर कार्य में हो हिंदी का उपयोग...

**नीमच।** गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ, नीमच में 01 दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों एवं कार्मिकों को कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करना तथा राजभाषा नीति एवं नियमों की जानकारी प्रदान करना था।

इस अवसर पर शैलेन्द्र थोरेचा, उप कमांडेंट-सह-राजभाषा अधिकारी ने राजभाषा नीति, हिंदी के प्रशासनिक प्रयोग तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी उपयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया। इसके अतिरिक्त कुलवंत सिंह, सहायक कमांडेंट (मंत्रा.) ने हिंदी में कार्य निष्पादन की आवश्यकता एवं व्यावहारिक पक्षों पर प्रकाश डाला। वहीं निरीक्षक (राजभाषा) श्री के. सुंदरेसन ने राजभाषा अधिनियम, नियमों तथा हिंदी में पत्राचार संबंधी महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रतिभागियों को प्रदान की। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा उन्हें अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने कार्यशाला को उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। अंत में सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राजभाषा हिंदी के संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया गया।

# कलेक्टर चंद्रा ने किया ऑफिस का औचक निरीक्षण

- अनुपयोगी सामग्री के निष्पादन के लिए शनिवार-रविवार को विशेष अभियान



**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया और कार्यालयीन व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। अनुपयोगी सामग्री के निष्पादन के निर्देश: कलेक्टर ने कार्यालयों में रखी पुरानी अनुपयोगी सामग्री, बस्तों, कूलर, प्रिंटर, फर्नीचर आदि का सुव्यवस्थित निस्तारण/भंडारण कर, कार्यालयों की पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों के कर्मचारी आगामी शनिवार एवं रविवार को अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर अनुपयोगी सामग्री, कूलर, पंखे, फर्नीचर, प्रिंटर व अन्य सामग्री, पुरानी नस्तियों, फाइलों, बस्तों को सूचीबद्ध कर उनके सुव्यवस्थित भंडारण एवं निष्पादन की कार्रवाई करेंगे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट परिसर में दो स्थानों पर वाटर कूलर के माध्यम से शुद्ध पेयजल की सामूहिक व्यवस्था नाजिर द्वारा की जाएगी। इन कार्यालयों का किया निरीक्षण: निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला पेंशन, कलेक्ट्रेट रूम नंबर 26, कृषि, महिला एवं बाल विकास, भू-अभिलेख, सहकारिता, खाद्य, आदिम जाति कल्याण, अंत्यावसायी, श्रम, जिला योजना मत्स्य, उद्यानिकी सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

**अन्य महत्वपूर्ण निर्देश:** कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी नीमच ग्रामीण को नवीन आवंटित कक्षों में अपना कार्यालय शिफ्ट करवाने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पीछे रिक्त भूमि पर दो मंजिला अतिरिक्त भवन निर्माण का प्राक्कलन तैयार करवाने के निर्देश दिए, जिससे कुछ कार्यालय इस अतिरिक्त भवन में शिफ्ट किए जा सकें। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित कार्यालय से कार्यक्षमता बढ़ती है और लोगों को सुविधा होती है।

# 2 घंटे बस का सफर कर खातीखेड़ा पहुंचे कलेक्टर

- 'प्रशासन आपके द्वार, समाधान अबकी बार'
- सुनी जनजातीय ग्रामीणों की पीड़ा



**नीमच। जनजाति बाहुल्य ग्राम खातीखेड़ा में बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ग्रामीणों से रूबरू होकर एक-एक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना और मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए।**

कलेक्ट्रेट परिसर से बुधवार शाम 4 बजे प्रस्थान कर कलेक्टर चंद्रा सहित समस्त जिला अधिकारी लगभग शाम 6 बजे यात्री बस से 2 घंटे का सफर तय कर सुदूर जनजातीय बाहुल्य ग्राम खातीखेड़ा पहुंचे। साथ में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, वन मंडल अधिकारी श्री एस.के. अटोदे, एडीएम श्री बी.एस. कलेश, एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी एवं समस्त विभागों के जिलाधिकारी मौजूद थे।

**पेयजल एवं सड़क पर त्वरित कार्रवाई:** शिविर में जल निगम के अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि डेढ़ माह में तीनों गांवों में 'हर घर नल' योजना के तहत नीली पेयजल पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन उपलब्ध करवा दिया जाएगा। छूटे हुए रोड रेस्टोरेशन का कार्य गुरुवार से प्रारंभ कर 3 दिन में पूर्ण कर लिया जाएगा। कलेक्टर ने जल निगम को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

डीकेन में प्रसूति सुविधा उपलब्ध शिविर में ग्रामीण अर्जुन द्वारा स्थानीय स्तर पर प्रसूति की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग पर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि पीएचसी डिकेन में यह सुविधा उपलब्ध है और डॉ. मोहम्मद जसीम द्वारा अच्छी सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई पैरामेडिकल स्टाफ प्रसूति से मना करता है तो ग्रामीण सीधे डॉ. मोहम्मद जसीम से संपर्क करें, वे समन्वय कर सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**शिक्षा के क्षेत्र में सौगात:** ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर श्री चंद्रा ने गांव खातीखेड़ा के मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में उन्नयन करने का प्रस्ताव तत्काल शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के ऐसे सभी ग्रामों को चिन्हांकित कर शाला उन्नयन के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाएं।

जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की मांग पर कलेक्टर ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री रवि रंजन को निर्देश दिए कि वे ग्राम खातीखेड़ा एवं जिले के सभी ऐसे गांव जहां घरों के ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही है उनका सर्वे करवाकर, लाइन शिफ्ट करवाने के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए।



## हितग्राही के घर कलेक्टर ने किया भोजन

**नीमच।** जनजाति बाहुल्य ग्राम खातीखेड़ा में बुधवार को आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनने और उनके निराकरण के निर्देश देने के बाद कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने एक अनूठी पहल की।

**लाभार्थी के घर पहुंचे कलेक्टर:** शिविर के पश्चात कलेक्टर चंद्रा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी श्री हरिराम के नवनिर्मित आवास पर पहुंचे। उन्होंने आवास का अवलोकन कर निर्माण की गुणवत्ता देखी और लाभार्थी एवं उसके परिजनों से आत्मीय चर्चा कर योजना से मिले लाभ का फीडबैक लिया।

**पंगत में किया रात्रि भोजन:** इस दौरान कलेक्टर चंद्रा ने लाभार्थी के प्रधानमंत्री आवास पर ही जिलाधिकारियों और परिजनों के साथ जमीन पर पंगत में बैठकर रात्रि भोजन ग्रहण किया। उन्होंने परिवार के साथ भोजन करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और प्रशासन जनता के बीच जाकर उनकी तकलीफों को समझे।

**अधिकारी रहे मौजूद:** इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, वन मंडल अधिकारी एस.के. अटोदे, एडीएम बी.एस. कलेश, एसडीएम सुश्री प्रीति संघवी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने लाभार्थी परिवार के साथ भोजन कर उनका हौसला बढ़ाया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में स्वीकृत समस्त प्रधानमंत्री आवास समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण बनें और हितग्राहियों को समय पर सभी किस्तों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

## एक नजर | विश्व पर्यावरण दिवस पर आज विशेष : हरियाली की दो मिसालें

# नीमच वनमंडल का 5.62 लाख पौधों का संकल्प और मनासा की पर्यावरण मित्र संस्था का 27 वर्षों का जनआंदोलन

**नीमच/मनासा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नीमच जिला पर्यावरण संरक्षण की दिशा में दो प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। एक ओर नीमच वनमंडल आगामी वर्ष में 1774 हेक्टेयर भूमि पर 5.62 लाख पौधों का विशाल रोपण अभियान चलाने जा रहा है, वहीं दूसरी ओर मनासा की पर्यावरण मित्र संस्था पिछले 27 वर्षों से जनभागीदारी के माध्यम से हरियाली का ऐसा आंदोलन चला रही है, जिसने पूरे क्षेत्र को पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बना दिया है।

**नीमच वनमंडल रचेगा नया इतिहास**-वन विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए जिले के 30 चिन्हित स्थलों पर 5 लाख 62 हजार 979 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 1774.264 हेक्टेयर वन भूमि पर होने वाले इस महाअभियान का उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग और बदलते मौसम की चुनौतियों से मुकाबला करते हुए जिले को एक मजबूत 'हरित कवच' प्रदान करना है।

वनमंडलाधिकारी एस.के. अटोडे एवं उपवनमंडलाधिकारी दशरथ अखंड के मार्गदर्शन में संचालित होने वाले इस अभियान में जावद, रतनगढ़, नीमच, मनासा और रामपुरा क्षेत्रों के वन अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। पौधारोपण के साथ उनकी सुरक्षा, सिंचाई एवं संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। वन विभाग द्वारा आंवला, सागौन, बांस, खम्हेर, चिरौल सहित स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे, जिससे जैव विविधता को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरणीय संतुलन मजबूत होगा।



**पर्यावरण मित्र संस्था: 27 वर्षों से हरियाली का जनआंदोलन**-जहां वन विभाग सरकारी स्तर पर हरित अभियान चला रहा है, वहीं मनासा की पर्यावरण मित्र संस्था पिछले 27 वर्षों से समाज को साथ लेकर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश कर रही है।

संस्था ने मनासा तहसील के लगभग 160 स्थानों को हरित क्षेत्र और बगीचों के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संस्था से जुड़े आनंद मानावत, अनुप शर्मा, जगदीश विजयवर्गीय, कन्हैया दरक, दीपक झंवर, शरद झंवर एवं अनुराग शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित हैं।

**हर वर्ष हजारों पौधों का नि:शुल्क वितरण**-संस्था द्वारा पिछले 25 वर्षों से वर्षा ऋतु में तीन दिवसीय आयोजन कर प्रतिवर्ष 7 से 8 हजार पौधों का नि:शुल्क वितरण किया जाता है। संस्था का मुख्य उद्देश्य पौधे लगाना ही नहीं बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना है। इसी उद्देश्य से संस्था कम कीमत पर ट्री-गार्ड उपलब्ध कराती है, जिससे पौधों की जीवित रहने की संभावना लगभग 80 प्रतिशत तक बढ़ जाती है।

> **बंजर पहाड़ियों को बना रहे हरा-भरा जंगल**
>
> मनासा के समीप कंजार्डा पठार क्षेत्र को पुन: हरित बनाने के लिए संस्था पिछले पांच वर्षों से वर्षा ऋतु में लगभग एक करोड़ निंबोली बीजों का जंगल क्षेत्र में छिड़काव कर रही है। इस प्रयास के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं और लाखों नए पौधे विकसित हो रहे हैं।